Seventeenth Loksabha

>

Title: Request to improve the BSNL network connectivity in Ratnagiri-Sindhudurg, Mahrashtra.

श्री विनायक भाऊराव राऊत (रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग): माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से मेरे संसदीय क्षेत्र रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग जिले के साथ पूरे महाराष्ट्र में बीएसएनएल नैटवर्क की हालत के कारण जिन समस्याओं का निर्माण हो रहा है, संबंधित मंत्री महोदय का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं ।

अब सारी व्यवस्था बीएसएनएल के ऊपर निर्भर हो गई है । सरकारी, गैर-सरकारी, बैंकिंग या पेंशन आदि का पैसा बीएसएनएल नैटवर्क के माध्यम से एकाउंट में जमा होता है । बीएसएनएल की कनैक्टिविटी महाराष्ट्र में, खासकर रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग के पहाड़ी एरिया में पूरी तरह से नाकामयाब है और इसकी वजह से लोगों को भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है ।

मैं आपके माध्यम से सरकार से विनती करना चाहता हूं कि इस समस्या का निराकरण करने के लिए गंभीरता से ध्यान दें ।